भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 13.07.2024

## आरेडिका के डाक्टर मनीष कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन में किया प्रतिभाग

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के मण्डल चिकित्सा अधिकारी डा0 मनीष कुमार ने युगान्डा की राजधानी कम्पाला में 1 जुलाई 2024 से 7 जुलाई 2024 तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन की एकल पुरुष ,पुरुष डवल एवं मिश्रित डवल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर आरेडिका के नाम संचित उपलब्धियों में एक और नाम जोड़ दिया।

डा0 मनीष कुमार इससे पूर्व भी विभिन्न पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपना परचम लहरा कर आरेडिका के खेल प्रेमियों के लिए प्रेरणा श्रोत रहे हैं।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने उनके सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी। आगे उन्होने बताया कि आरेडिका में खेलो इंडिया जैसे अभियानों को मूर्त रुप देने के लिए तथा खेल क्षेत्र के विकास के लिए लगभग हर प्रकार के खेलों हेतु अवसंरचना उपलब्ध हैं इसका ही सुखद परिणाम है कि आज आरेडिका के रेलवे कर्मी एवं उनके पारवारिक सदस्य विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर आरेडिका एवं रायबरेली जिले के नाम को गौरवान्वित कर रहे हैं। इस खबर से आरेडिका में खुशी का माहौल है।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ एवं आरेडिका खेल संघ के अध्यक्ष संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमओ डा0 आभा जैन, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव,, पीसीएससी रमेश चन्द्र सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

13/7/2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी